Sylph Technologies

Network 27

Date: 16/07/2022

To,

**The Manager Listing**
**Corporate Relation Department**
**Bombay Stock Exchange Limited**
**PhirozJeejeebhoy Towers**
**Dalal Street,**
**Mumbai 400001**

**(ISIN: INE706F01013 Scrip Code: 511447)**

**Sub: - Copy of notice of AGM published in Newspaper.**

Dear Sir,

With reference to the above, we are enclosing herewith the copy of notice of Adjourned 30th Annual General Meeting to be held on Monday, 18th July 2022, published in newspaper as per Regulation 30 of SEBI (LODR) Regulations 2015.

Please take the above on record.

Thanking You,

For **Sylph Technologies Limited**

SYLPH TECHNOLOGIES LTD. INDIA

**CS Varsha Inchurkar**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**(M.No. A65719)**

**Enclosed: As Stated above.**

**Sylph Technologies Limited**
ST-4, "Press House" 22, Press Complex, A.B. Road,
INDORE (M.P.) 452008, INDIA, Phone: 0731-4057141
E-mail: rajeshjain1962@gmail.com
Url: www.sylphtechnologies.com
CIN L36100MP1992PLC007102



## अपना इंदौर

### वीर अलीजा दरबार में गुरु भक्तों का मेला आज

इन्दौर। पंचकुइया स्थित वीर बगीची में गुरु पूर्णिमा महोत्सव में इस वर्ष भक्तों को अलग ही नजारा देखने को मिलेगा। इसके लिए वीर अलीजा भक्त मंडल ने अभी से तैयारियां भी शुरू कर दी है। गुरु पूर्णिमा महोत्सव में इस वर्ष यहां आने वाले भक्तों को श्री श्री 1008 बाल ब्रह्मचारी प्रभुवानन्द महाराज की विभिन्न मुद्राओं के दर्शन कर सकेंगे। वहीं इस अवसर पर अलीजा सरकार का विशेष श्रृंगार भी किया जाएगा।

वीर अलीजा भक्त मंडल की ओर से बताया गया कि महोत्सव की शुरुआत सुबह 6 बजे से होगी। जिसमें अलीजा सरकार की महाआरती की जाएगी। वहीं इसके पश्चात गादीपति बाल ब्रह्मचारी पवनानन्द महाराज के दर्शन पूजन के साथ ही भक्त पाद-पूजन भी करेंगे। महोत्सव के तहत वीर बगीची को आकर्षक फूलो से सजाया जाएगा। वहीं शाम को 7 बजे महाआरती एवं भजन संध्या का आयोजन होगा। दोपहर में भक्त मंडल द्वारा हनुमान चालीसा व सुन्दकाण्ड का पाठ भी इस अवसर पर किया जाएगा। वीर बगीची में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के तहत बद्रीविशाल धाम, संतानेश्वर महादेव का भी अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा।

### आधार कार्ड की मूल परि-कल्पना को षड्यंत्र रचकर हड़पने वाले भारतीय विशिष्ट पहचान

# प्राधिकरण के पूर्व चेयरमैन नंदन नीलकेणी पर सीवीआई का शिकंजा

*इन्दौर । नई दिल्ली केंद्रीय सतर्कता आयोग सीवीआई ने लिया संज्ञान, आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल द्वारा भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के पूर्व चेयरमैन नंदन नीलकेणी के खिलाफ शिकायत पर संज्ञान में लेते हुए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण को एक सूचना पत्र जारी किया गया है।*

उक्त शिकायत पर एक माह में कार्यवाही सुनिश्चित कर सुक्ष्मता से जाचं कर एवं तीन माह में अनुसंधान कर जवाब मांगा गया है। स्मरण रहे की दिनांक 29 सितंबर 2021 को आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल इंदौर ने सदर बाजार थाना, बाणगंगा थाने से लेकर सीएसपी, एसपी,डीएसपी,कमिश्नर, कलेक्टर ,मुख्यमंत्री,सामान्य प्रशासन मंत्रालय,मध्यप्रदेश शासन भोपाल व नई दिल्ली के सभी मंत्रालयों,प्रधानमंत्री कार्यालय ,राष्ट्रपति सचिवालय एवं सीबीआई को भी अपनी आधारायण ग्रंथ शिकायत बुक पिटीशन याचिका 1176 पेज के माध्यम से भेजी थी। जिसमें उन्होंने अपना ÷शोध-पत्रद्÷

÷कर लो इंसान को मुट्ठभ् में÷ जो की 15 अगस्त 2005 को राष्ट्रपति सचिवालय, प्रधानमंत्री कार्यालय भारत सरकार को भेजा गया था। तब से लेकर अभी तक 14 वर्षों के संघर्ष के दौरानआधार कार्ड के जनक होने का दावा पेश करते हुए, उक्त ग्रन्थ में आधार कार्ड के जन्म की कहानी लिखी है। उपरोक्त शिकायत पर सीवीआई ने संज्ञान लेते हुए एक सूचना पत्र जारी किया है।

आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल ने बताया कि शीघ्र ही हमारे पक्ष में फैसला आएगा और कल्चुरी समाज को उक्त सम्मान मिलेगा एवं मां अहिल्या की पावन नगरी इंदौर शहर को एक और सर्वश्रेष्ठ सौगात मिलेगी। स्मरण रहे की आधार कार्ड के जनक सुनील जायसवाल को पिछले दिनों भारत स्वच्छ मिशन इंदौर नगर पालिका निगम द्वारा आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम अवार्ड मिला था। जिसका स्लोगन था घर परिवार और अपनों को मुझे बचाना है, मुझे आज ही वैक्सीन लगवाना है÷।

## रणजी ट्रॉफी विजेता मप्र क्रिकेट टीम के सम्मान में डाक विभाग ने जारी किया विशेष आवरण

*इन्दौर । मध्यप्रदेश के जांबाज क्रिकेटरों द्वारा अपनी खेल प्रतिभा का अदभुत प्रदर्शन करते हुए 41 बार की रणजी चैम्पियन मुंबई को हराकर पहली बार रणजी ट्रॉफी चैम्पियन बनने का गौरव हासिल कर समस्त मध्यप्रदेश वासियों को गौरवान्वित किया है। मध्यप्रदेश क्रिकेट टीम की इस अभूतपूर्व सफलता को यादगार बनाने के उद्द्येश से भारतीय डाक विभाग ने गत दिवस को ÷मध्यप्रदेश 2022 रणजी ट्रॉफी चैम्पियन÷ विषय पर विशेष आवरण पोस्टमास्टर जनरल इन्दौर परिक्षेत्र बृजेश कुमार की अध्यक्षता में जारी किया।*

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व चयनकर्ता एवं बीसीसीआई के पूर्व सचिव पूर्व सचिव संजय जगदाले, एमपीसीए के सचिव संजीव राव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशेष रूप से विजेता टीम के इन्दौर में निवासरत खिलाड़ी सारांश जैन, शुभम शर्मा एवं पार्थ साहनी भी उपस्थित थे। जिनका सम्मान मंचासीन अतिथियों द्वारा शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं गंगाजल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर हुआ। संजीव राव ने अपने उद्बोधन में मध्यप्रदेश टीम की इस एतिहासिक जीत का श्रेय कोच चंदकांत पंडित एवं टीम की लगन एवं कड़ी मेहनत को दिया। राव ने डाक विभाग की इस पहल की विशेष तारीफ़ करते हुए डाक विभाग का आभार माना। संजय जगदाले ने अपने उद्बोधन में क्रिकेट से जुड़े कई किस्से साझा किये जिसमे मुख्य रूप से रणजी ट्राफी मैच के पूर्व उनकी टीम के कप्तान आदित्य श्रीवास्तव से हुई चर्चा का विशेष उल्लेख किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष पोस्टमास्टर जनरल इन्दौर परिक्षेत्र बृजेश कुमार ने अपने उद्बोधन में मध्यप्रदेश टीम की शानदार सफलता पर बधाई देते हुए टीम के खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बृजेश कुमार ने डाक विभाग द्वारा विभिन्न खेलो एवं विशेष खेल घटनाओं पर जारी डाक टिकटों एवं विशेष आवरण की जानकारी दी।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहायक निदेशक इन्दौर परिक्षेत्र जगदीश प्रसाद शर्मा, सहायक निदेशक इन्दौर परिक्षेत्र ओमप्रकाश चौहान, अधीक्षक इन्दौर नगरेत्तर सम्भाग प्रवीण श्रीवास्तव, अधीक्षक इन्दौर रेल डाक सेवा वरिष्ठ फिलेटलिस्ट नासीर अली, रविन्द्र पहलवान, उमेश नीमा डाक विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अनुपमा राठौड़ एवं आभार मैनेजर बिजनेस पोस्ट सेंटर इन्दौर जीपीओ श्रीनिवास जोशी ने माना।

## विद्याधाम पर आज गिरिजानंद सरस्वती की चरण पादुकाओं का पूजन होगा

### पूरे श्रावण माह में पारदेश्वर का दुग्ध धारा एवं तीर्थ जल से अखंड अभिषेक भी होगा



इन्दौर । विमानतल मार्ग स्थित विद्याधाम पर गुरू पूर्णिमा महोत्सव पर बुधवार 13 जुलाई को आश्रम के संस्थापक ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर स्वामी गिरिजानंद सरस्वती 'भगवन' की चरण पादुकाओं का पूजन एवं वर्तमान महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के पाद पूजन का दिव्य अनुष्ठान सुबह 9.30 बजे से प्रारंभ होगा।

आश्रम परिवार के पूनमचंद अग्रवाल, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेन्द्र महाजन ने बताया कि आश्रम पर श्रावण मास के अनुष्ठान का सिलसिला सोमवार 11 जुलाई से प्रारंभ हो चुका है। इसके तहत श्रावण मास में अभिषेकात्मक अतिरूद्र महायज्ञ और पूरे माह में 11 महारूद्र महायज्ञ भी होंगे। इनके अलावा प्रत्येक श्रावण सोमवार एवं प्रदोष पर्व पर भगवान शिवाशिव का विशेष श्रृंगार दर्शन भी होगा। आश्रम पर पूरे सावन माह में भगवान पारदेश्वर का दुग्ध धारा एवं तीर्थ जल द्वारा अखंड अभिषेक भी 'ह्रीं नमः शिवायै च नमः शिवाय' महामंत्र एवं शिव महिम्न स्त्रोत के साथ होगा। प्रतिदिन संध्या को 5.30 बजे से लक्षार्चन आराधना एवं सायं 5 से रात 9 बजे तक शिव महिमन पाठ- शिव आराधना के नियमित अनुष्ठान भी होंगे। गुरूवार 28 जुलाई को हरियाली अमावस्या के उपलक्ष्य में पूज्यश्री भगवन के 11वें पुण्य स्मरण दिवस पर सुबह 9.30 बजे से पाद पूजन, षोडशोपचार पूजन, अभिषेक, आरती, कन्या पूजन तथा संत एवं ब्राह्मण पूजन जैसे अनुष्ठान भी होंगे।

## कृष्ण की तरह आज के राजा भी अपने राजभवन के दरवाजे सुदामाओं के लिए खोल दें स्वामी प्रणवानंद -

*गीता भवन में चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में कृष्ण-सुदामा मिलन प्रसंग के साथ हुआ समापन*




इन्दौर। कृष्ण जैसे राजा और सुदामा जैसे मित्र इस कलियुग में दुर्लभ ही हैं, लेकिन यह भी सच है कि भगवान का कोई सखा कभी गरीब नहीं रह सकता। भक्ति और धर्म एक दूसरे के पर्याय और पूरक हैं। कृष्ण और सुदामा की मैत्री राजा और प्रजा के मिलन की प्रतीक है। हमारे आधुनिक शासकों को भी ऐसी मित्रता से सबक लेना चाहिए और अपने आसपास के सुदामाओं के लिए अपने राज महल के दरवाजे खोल देना चाहिए। मित्रों के प्रति आत्मीयता और सम्मान का भाव होना चाहिए।

अखंड प्रणव एवं योग वेदांत न्यास के प्रमुख महामंडलेश्वर स्वामी प्रणवानंद सरस्वती ने आज गीता भवन सत्संग सभागृह में चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में कृष्ण-सुदामा मिलन, नवयोगेश्वर संवाद एवं भागवत पूजन प्रसंगों के दौरान व्यक्त किए। गत 6 जुलाई से गुरू पूर्णिमा के उपलक्ष्य में चल रहे इस ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ आज गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन, मंत्री रामविलास राठी, सीए महेश गुप्ता, दिनेश तिवारी, राजेन्द्र माहेश्वरी, सविता रंजन चक्रवर्ती, प्रशंसा चक्रवर्ती, श्रीमती कांता अग्रवाल, मनोज कुमार गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल आदि द्वारा व्यासपीठ पूजन के साथ हुआ। महामंडलेश्वरजी ने समापन बेला में गीता भवन ट्रस्ट एवं आयोजन समिति तथा भक्त मंडल के सदस्यों के प्रति मंगल भाव व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि कृष्ण और सुदामा की मैत्री में की स्वार्थ नहीं था। कलियुग में सच्चे मित्र मिलना मुश्किल है। मित्रता विश्वास और रिश्तों की पवित्रता पर निर्भर होती है।

कथा के समापन अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी प्रणवानंद सरस्वती का सम्मान भी किया गया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा मनुष्य को सत्य की राह पर प्रवृत्त कर उसकी कमियों से मुक्ति दिलाती है। कथा में तो हम पूरे सप्ताह बैठ लिए, अब कथा को भी अपने अंदर अंतर्मन में बिठाने की जरूरत है।

## धरावरा धाम पर महंत घनश्यामदास महाराज की पादुकाओं का पूजन आज



इन्दौर। धार रोड स्थित धरावरा धाम पर आश्रम के संस्थापक ब्रह्मलीन श्रीमहंत घनश्यामदास महाराज के भक्तों द्वारा बुधवार 13 जुलाई को गुरू पूर्णिमा महोत्सव महंत शुकदेवदास महाराज के सानिध्य में मनाया जाएगा। भक्त मंडल के दिनेश गर्ग, बाबूराम चौधरी एवं अशोक कुमावत ने बताया कि सुबह 11.30 बजे घनश्यामदास महाराज की चरण पादुकाओं का पूजन कर तदपश्चात गुरू मंत्र दीक्षा का आयोजन भी होगा। इस अवसर पर देश, प्रदेश के विभिन्न शहरों के श्रद्धालु भी आएंगे। आश्रम पर श्रावण मास में विभिन्न अनुष्ठान भी आयोजित होंगे।

## अखंड धाम आश्रम पर आज गुरू पूर्णिमा का मुख्य महोत्सव



इन्दौर। बिजासन रोड स्थित अखंड धाम आश्रम पर तीन दिवसीय गुरू पूर्णिमा महोत्सव के दूसरे दिन आज महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी चेतन स्वरूप के सानिध्य में अखंड रामायण पाठ का विराम हुआ। दोपहर में सम्पूर्ण गीता पाठ के बाद संत-महात्माओं द्वारा गुरू वंदना स्वरूप भजन संकीर्तन का दौर चला। प्रारंभ में स्वामी राजानंद एवं आश्रम के अन्य संतों ने गुरू महिमा पर अपने विचार व्यक्त किए। अश्रम के हरि अग्रवाल, सचिन सांखला एवं मोहनलाल सोनी ने बताया कि मुख्य महोत्सव बुधवार 13 जुलाई को प्रातः 8 बजे से महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी चेतन स्वरूप का गुरूपूजन एवं गुरू गीता पाठ, 9 बजे सदगुरूदेव की पूजा तथा दोपहर 12 बजे महाआरती के साथ महोत्सव का समापन होगा। आश्रम पर ओम नमः शिवाय महामंत्र के अखंड जाप का क्रम भी चल रहा है।

## हंसदास मठ पर गुरू पूर्णिमा पर समाधिष्ट संतों एवं पंचमुखी हनुमान का पूजन होगा

इन्दौर । बड़ा गणपति पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर गुरू पूर्णिमा महोत्सव पर बुधवार, 13 जुलाई को सुबह 11 बजे समाधिष्ठ स्वामी बाबा हंसदास एवं तत्कालीन श्रीमहंतों की समाधियों पर चरण पादुका पूजन और पंचमुखी चिंताहरण हनुमानजी को निशान अर्पण का अनुष्ठान हंसदास मठ के अधिष्ठाता श्रीमहंत रामचरणदास महाराज के सानिध्य में मनाया जाएगा। मठ के पं. पवनदास शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर दोपहर 12 बजे आरती के बाद सभी श्रद्धालु महंत रामचरणदास महाराज का पाद पूजन भी करेंगे। मठ से जुड़े प्रदेश के विभिन्न शहरों के संत-महंत एवं श्रद्धालु भी आएंगे।

# राष्ट्रप्रेम व राष्ट्राभिमान की भावना के साथ मनाया जाएगा हर घर तिरंगा अभियान

### भारतीय ध्वज संहिता 2002 के प्रावधानों का किया जाएगा पालन

इन्दौर। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर मध्यप्रदेश में ÷हर घर तिरंगा अभियान÷ आयोजित किया जा रहा है। अभियान के तहत देशभक्ति की भावना जागृत करने के लिए 11 अगस्त से 17 अगस्त तक हर घर में तिरंगा फहराया जाएगा। इस अभियान की तैयारियों को लेकर मंगलवार को मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस की अध्यक्षता में प्रदेश के सभी संभागायुक्त और कलेक्टर्स की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित की गई। मुख्य सचिव बैंस ने कहा कि इस अभियान को सम्पूर्ण प्रदेश में राष्ट्र प्रेम व राष्ट्राभिमान की भावना के साथ मनाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए गए कि झंडा वितरित करते समय भारतीय ध्वज संहिता 2002 के महत्वपूर्ण प्रावधानों का पैम्फलेट भी लोगों को दिया जाए ताकि अभियान के दौरान भारतीय ध्वज संहिता 2002 के प्रावधानों का उल्लंघन ना हो। वीडियो कॉन्फ्रेंस में संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला ने अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति के कार्य विवरण की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी शहरी एवं ग्रामीण निकायों में तिरंगा निर्माण, विक्रय एवं वितरण संबंधी कार्यों की विस्तृत रूप से कार्ययोजना तैयार कर ली जाए। इसी के साथ ही अभियान के ÷ईच वन गिफ्ट वन÷ खंड के तहत तिरंगा भेंट करने की भी योजना पर कार्य किया जाए। वीडियो कांफ्रेंस में इन्दौर कमिश्नर कार्यालय से संभागायुक्त डॉ. पवन कुमार शर्मा भी शामिल हुए। कॉन्फ्रेंस में कलेक्टर कार्यालय से शामिल हुई नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिभा पाल ने इन्दौर में अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु की जा रही तैयारियों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इन्दौर जिले में कुल आठ लाख तिरंगों का निर्माण किया जाना निर्धारित किया गया है। इनमें से पांच लाख तिरंगों का निर्माण शहरी एवं ग्रामीण स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जाएगा। जिले के कुल 150 संगठनों एवं संस्थाओं को इस अभियान को सफल बनाने के लिए शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि हर अभियान की तरह इस अभियान को भी जनभागीदारी के माध्यम से सफल बनाने का प्रयास किया जाएगा।

### इन्दौर जिले में अब तक 220.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

इन्दौर । इन्दौर जिले में जारी मानसून सत्र में अब तक 220.8 मिलीमीटर (साढ़े आठ इंच से अधिक) औसत वर्षा हो चुकी है। गत वर्ष इस अवधि में जिले में 159.6 मिलीमीटर (लगभग सवा 6 इंच) औसत वर्षा दर्ज की गई थी।भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के इन्दौर क्षेत्र में 252 मिलीमीटर, महू क्षेत्र में 183 मिलीमीटर, सांवेर क्षेत्र में 250.2 मिलीमीटर, देपालपुर में 279 मिलीमीटर तथा गौतमपुरा क्षेत्र में 139.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।


**Change in Name**

I ANKITA KUMARI Here by Declare that I have change my name as ANKITA SINGH So, from now and in future I will be known by my new name .

ANKITA SINGH
W/O JITENDRA PURI
ADD: B-404, ELITE APEX,
NEAR BALAJI HEIGHTS,
NIPANIA ROAD,
INDORE(M.P.)452010

**Change in Name**

I YOUSUF ALI Here by Declare That I have changed My name as YUSUF ALI S/O ALI HUSAIN so, from now and In future I will be known by my new name.

YUSUF ALI
S/O ALI HUSAIN
Add:140, SABBIR MANZIL,
KACHAHARI CHOWK,
JAWAHAR MAR, BADNAWAR,
DHAR(M.P.)

**Change in Name**

I KAILASH CHANDRA KAG S/O HIRALAL KAG Here by Declare That I have changed My name as KAILASH KAG S/O HIRALAL KAG so, from now and In future I will be known by my new name.

KAILASH KAG
S/O HIRALAL KAG
Add:SIKSHAK COLONY,
WARD NO.1, ANJAD DISTT.,
BARWANI(M.P.)

**Change in Name**

I SAIFUDDIN S/O ABBAS ALI Hereby declare here that I have changed my name as SAIFUDDIN CHAHWALA S/O ABBAS ALI. So, from now and to future I will be known by my new name.

SAIFUDDIN CHAHWALA
S/O ABBAS ALI
Add: 481, MASAKIN-E-
SAIFIYAH, BIJALPUR,
INDORE(M.P.)452012

**Change in Name**

I ZOHER S/O ALI ASGER Hereby declare here that I have changed my name as ZOHER CHAHWALA S/O ALI ASGER CHAHWALA. So, from now and to future I will be known by my new name.

ZOHER CHAHWALA S/O
ALI ASGER CHAHWALA
Add: 481, MASAKIN-E-
SAIFIYAH, BIJALPUR,
INDORE(M.P.)452012

**Change in Name**

I ALI ASGER S/O SAIFUDDIN CHAIWALA Hereby declare here that I have changed my name as ALI ASGER CHAHWALA S/O SAIFUDDIN CHAHWALA. So, from now and to future I will be known by my new name.

ALI ASGER CHAHWALA
S/O SAIFUDDIN CHAHWALA
Add: 481, MASAKIN-E-
SAIFIYAH, BIJALPUR,
INDORE(M.P.)452012

**Change in Name**

I MUSTUFA S/O ALI ASGHER Hereby declare here that I have changed my name as MUSTUFA CHAHWALA S/O ALI ASGER CHAHWALA. So, from now and to future I will be known by my new name.

MUSTUFA CHAHWALA
S/O ALI ASGER CHAHWALA
Add: 481, MASAKIN-E-
SAIFIYAH, BIJALPUR,
INDORE(M.P.)452012


### आज गीता भवन में गुरू पूर्णिमा पर होगा स्वामी प्रणवानंद सरस्वती का सम्मान



इन्दौर। मनोमागंज स्थित गीता भवन पर गुरू पूर्णिमा के उपलक्ष्य में अखंड प्रणव एवं योग वेदांत न्यास के प्रमुख, महामंडलेश्वर स्वामी प्रणवानंद सरस्वती का पाद पूजन होगा।

गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन एवं मंत्री रामविलास राठी ने बताया कि गीता भवन सत्संग सभागृह में सुबह 10 बजे से गीता भवन से जुड़े भक्तों द्वारा महामंडलेश्वरजी का सम्मान भी किया जाएगा तथा न्यासी मंडल की ओर से गुरू पूर्णिमा पर पाद पूजन के बाद शाल-श्रीफल भेंट किए जाएंगे। गीता भवन में इस बार चातुर्मास का शुभारंभ गुरूवार 14 जुलाई से होगा। राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के शकरगढ़ स्थित अमर ज्ञान निरंजनी आश्रम के आचार्य ब्रह्मचारी हंस चैतन्य महाराज यहां पहली बार चातुर्मास करेंगे। चातुर्मास के दौरान वे सुबह 9.30 बजे से गीता पर एवं सायं 5.30 बजे से उपनिषद पर अपने प्रवचनों की अमृत वर्षा करेंगे।

## मतगणना स्थल पर अधिकृत गणना अभिकर्ताओं को ही दिया जायेगा प्रवेश

**प्राधिकृत पत्र के लिये आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 जुलाई**

**स्टैंण्डिंग कमेटी की बैठक सम्पन्न**

**इन्दौर।** इन्दौर जिले में नगरीय निर्वाचन की मतगणना के लिये व्यापक तैयारियां जारी है। नेहरू स्टेडियम स्थित मतगणना स्थल पर मतगणना के लिये कुल 8 हॉल में व्यवस्था की गई है। इसमें से 6 हॉल में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से तथा 2 हॉल में डाक मतपत्रों से गिनती की जायेगी। गणना के लिये कुल 105 टेबलें लगाई जा रही हैं। इनमें से 97 टेबल ईवीएम से मतों की गणना के लिये एवं शेष टेबलें डाक मतपत्रों की गिनती के लिये रहेंगी। मतगणना स्थल पर अभ्यर्थियों के अधिकृत गणना अभिकर्ताओं को ही प्रवेश दिया जायेगा। प्रवेश के लिये उन्हें निर्धारित प्राधिकृत पत्र प्रस्तुत करना होंगे तथा उन्हें अपने नियुक्ति पत्र की द्वितीय अनुप्रमाणित प्रतियां भी प्रस्तुत करना होंगी। प्राधिकृत पत्र के लिये आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 जुलाई है।

यह जानकारी आज यहाँ कलेक्टर कार्यालय में सम्पन्न हुई स्टैंण्डिंग कमेटी की बैठक में दी गई। बैठक में अपर कलेक्टर अभय बेड़ेकर, संयुक्त कलेक्टर प्रतुल सिन्हा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मुनीष सिंह सिकरवार, मास्टर ट्रेनर आर.के. पाण्डे, महापौर पद के प्रत्याशीगण तथा विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक में अपर कलेक्टर बेड़ेकर ने अभ्यर्थियों से आग्रह किया कि वे मतगणना के दौरान निर्वाचन आयोग के नियम और निर्देशों का अपने गणना अभिकर्ताओं से पूरा पालन करवायें। व्यवस्था को बनाये रखें। बताया गया कि गणना टेबलों पर अभ्यर्थियों के गणना अभिकर्ताओं के बैठने की व्यवस्था की प्राथमिकता राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित की गई हैं। तदनुसार सर्वप्रथम मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों के अभ्यर्थियों के गणना अभिकर्ता तथा इसके बाद मान्यता प्राप्त राज्यीय दलों के अभ्यर्थी जिन्हें उस निर्वाचन क्षेत्र में उनके आरक्षित चिन्ह का प्रयोग करने की अनुमति दे दी गयी है के गणना अभिकर्ता, इसके बाद रजिस्ट्रीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अभ्यर्थी और निर्दलीय अभ्यर्थियों के गणना अभिकर्ता बैठेंगे। सभी गणना अभिकर्ता उन मेजों के पास ही बैठेंगे जो उन्हें आवंटित की गई है। उन्हें हाल में इधर-उधर घूमने की अनुमति नहीं रहेगी। मतगणना भवन के अंदर धूम्रपान एवं तम्बाकू युक्त पदार्थ एवं मोबाइल ले जाना पूर्णत निषेध रहेगा।


**SYLPH TECHNOLOGIES LIMITED**
**Registered Office: ST-4 Press House, 22 Press Complex A. B. Road, Indore (M. P.) 452008**
**CIN - L36100MP1992PLC007102,** E-mail: rajeshjain1962@gmail.com, URL :www.sylphtechnologies.com

**NOTICE OF ADJOURNED 30th ANNUAL GENERAL MEETING**

Notice is hereby given that the 30th Annual General Meeting of the members of SYLPH TECHNOLOGIES LIMITED held on 11th July, 2022 was adjourned for the want of quorum, will now be held on Monday, 18th July, 2022 at the Registered Office at 2:00 P.M. to transact the business as specified in the notice convening the 30th Annual General meeting which has been sent by permitted mode as per the provisions at the Companies Act, 2013 and rules framed thereunder to every concerned shareholdersindividually.

**Place:Indore** — **Sylph Technologies Limited**
Date:12thJuly,2022 — **Sd/- Rajesh Jain (Director)**


### *नंदानगर सहकारी संस्था के चुनाव नामांकन संबंधी कार्य अब कनकेश्वरी विद्या विहार में होगा*

इन्दौर । मध्य प्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एम.बी. ओझा द्वारा नंदानगर साख सहकारी संस्था मर्यादित इन्दौर के प्रत्यायुक्तों के निर्वाचन हेतु नामांकन पत्रों की प्राप्ति, वापसी एवं जांच हेतु पूर्व में नियत किये गये स्थान कलेक्टर कार्यालय जिला इन्दौर की जगह अब माँ कनकेश्वरी देवी विद्या विहार एमआईजी कॉलोनी स्थान नियत किया गया है। प्रत्यायुक्तों के निर्वाचन हेतु नियुक्त किए गए रिटर्निंग अधिकारी संजय कौशल को मध्य प्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी ओझा द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संस्था के निर्वाचन प्रक्रिया अधिनियम, नियमों एवं उपविधियों के प्रावधानों के अंतर्गत पूर्ण करवाया जाना सुनिश्चित करें।